प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 20.01.2025 समय : 09:00 ए.एम.

....................

- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला आज पटना में अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे।
- केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा देश में जैविक खेती को प्रोत्साहन देने की आवश्यकता।
- प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने संतो से भेंट की–महाकुंभ की व्यवस्थाओं को सराहा।
- प्रदेश में एक बार फिर से मौसम में बदलाव की संभावना–कल से नये पश्चिमी विक्षोभ के असर से कई स्थानों पर बारिश के आसार।

....................

अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों का सम्मेलन आज से पटना में शुरू हो रहा है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला इस सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। सम्मेलन में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के विधानमंडलों के पीठासीन अधिकारी और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहेंगे। इस दो दिवसीय सम्मेलन का विषय 'संविधान की 75वीं वर्षगांठः संवैधानिक मूल्यों को मजबूत बनाने में संसद और राज्य विधान निकायों का योगदान' है। सम्मेलन के दौरान लोकसभा अध्यक्ष 'संसद की कार्यप्रणाली और प्रक्रिया' के 8वें संस्करण का भी विमोचन करेंगे। सम्मेलन में भाग लेने के लिए राज्य के विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी पटना पहुंच गए है। श्री देवनानी सम्मेलन में राजस्थान का प्रतिनिधित्व कर रहे है।

....................

अजमेर में कल राष्ट्रीय बीजीय मसाला अनुसंधान केन्द्र का रजत जयंती स्थापना उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने संस्थान परिसर में रजत जयंती स्तंभ और पोषण वाटिका का अनावरण किया। उन्होंने परिसर में लगी खेती–किसानी से संबंधित प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। कार्यक्रम में उपस्थित किसानों, वैज्ञानिकों, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से संवाद करते हुए उन्होंने संस्थान की उपलब्धियों की सराहना की। श्री चौधरी ने कहा कि यह संस्थान मसालों के अनुसंधान, उन्नत तकनीकों के विकास और किसानों के हित में अग्रणी है। श्री चौधरी ने कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि देश में जैविक खेती को प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है।

....................

राज्य के आगामी बजट 2025–26 के लिए सरकार द्वारा विभिन्न वर्गो से बजट पूर्व संवाद आयोजित कर उनके सुझाव लिये जा रहे है। इसी कडी में आज उद्योग और सेवा क्षेत्र के विशेषज्ञों के साथ मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की चर्चा प्रस्तावित है। दोपहर में एक अन्य बैठक में मुख्यमंत्री व्यापार, कर सलाहकार और उद्योग प्रतिनिधियों के साथ बजट पूर्व चर्चा करेंगे।

....................

डाक विभाग आज नई दिल्ली में भारतीय संविधान लागू होने के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में तीन दिन का समारोह आयोजित करेगा। यह समारोह राष्ट्रीय डाक टिकट संग्रहालयमें आयोजित होगा।

समारोह में हर उम्र के दर्शकों के लिए विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित की जायेंगी। इनमें प्रदर्शनी, प्रश्नोत्तरी, डाक सफारी और पत्र लेखन प्रतियोगिता शामिल हैं।

केन्द्रीय संचार मंत्रालय ने कहा है कि आयोजन का उद्देश्यसंविधान में निहित मूल्यों को रेखांकित करना तथा एकता और राष्ट्रीय गौरव की भावना मज़बूत करना है।

....................

झालावाड़ में जिला कलेक्टर आज ''बचपन बचाओ – नशा और मोबाइल की लत मिटाओ'' थीम पर विद्यार्थियों को नशे और मोबाइल की लत के विरूद्ध शपथ दिलायेंगे। ये कार्यक्रम भवानी मंडी के दशहरा मैदान में आयोजित किया जायेगा। इस अभियान के दूसरे चरण में आज सभी सरकारी और गैर सरकारी विद्यालयों में संस्था प्रधान भी विद्यार्थियों को शपथ दिलाएंगे। कार्यक्रम में जिले में करीब 2 लाख विद्यार्थी एक साथ शपथ लेंगे। उधर पाली में मादक पदार्थों की तस्करी और नशा–मुक्ति की रोकथाम के लिए आमजन और युवा पीढी को जागरूक किया जा रहा है। इसके तहत जिले की ग्राम पंचायत ब्लॉक और जिलास्तर पर निबंध, प्रश्नोत्तरी और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। ये प्रतियोगिता सभी सरकारी और निजी विद्यालयों में कक्षा 9 से 12वीं के विद्यार्थियों के लिए होगी।

....................

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कल जूनापीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद महाराज, तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरू रामभद्राचार्य, निरंजनी पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर कैलाशगिरी से भेंट की। इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुंभ एकता और समता का संगम हैं और उनके लिए इसका साक्षी बनना अभिभूत करने वाला हैं। उन्होंने महाकुंभ में श्रद्धालुओं के लिए की गई व्यवस्थाओं की सराहना भी की। प्रदेश से महाकुंभ में बडी संख्या में श्रद्धालु पंहुच रहे है। नीमकाथाना से कल प्रयागराज के लिए 180 यात्रियों की बस रवाना हुई। रवाना होने से पहले बस का विधि विधान से पूजन किया गया। वहीं पाली के लोगों को कुंभ में जाने के लिए रेल्वे ने भावनगर टर्मिनस से बनारस के लिए स्पेशल ट्रेन की सुविधा शुरू की है। यह ट्रेन फालना, रानी, मारवाड जंक्शन होते हुए बनारस जायेगी। इससे जिले के श्रद्धालुओं को सुविधा मिल सकेगी।

....................

प्रदेश में मौसम में एक बार फिर बदलाव की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार कल नया पश्चिम विक्षोभ सक्रिय होने से राज्य के उत्तरी–पश्चिमी और उत्तर–पूर्वी भागों में कहीं–कहीं हल्की बारिश होने के आसार है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि प्रदेश में बनने वाले नये पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से राज्य में कहीं–कहीं हल्की बारिश होने से रबी की फसलों को फायदा होगा। उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में कड़ाके की सर्दी से थोडी राहत मिलेगी। इस बीच पिछले 24 घंटों में मौसम साफ रहने से प्रदेश के अधिकांश शहरों के दिन और रात के तापमान में उतार–चढ़ाव देखने को मिला है। कई जिलों में तापमान में दो से 10 डिग्री तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई। वहीं विभिन्न जिलों में कोहरे का प्रभाव भी देखने को मिला।

....................

भारत की मेजबानी में नई दिल्ली में पहली बार आयोजित हुए खोखो विश्वकप में भारतीय पुरूष और महिला टीम ने चैम्पियनशिप जीत ली है। पुरूष वर्ग के फाईनल में भारत ने नेपाल को 54–36 से और महिला वर्ग में भारतीय टीम ने नेपाल को 78–40 से हराकर खिताब अपने नाम किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने पहला खो–खो विश्वकप जीतने पर भारतीय पुरूष और महिला टीमों को बधाई दी है। राष्ट्रपति ने एक सोशल मीडिया पोस्ट् में कहा कि यह ऐतिहासिक सफलता देश के युवाओं को प्रेरित

करेगी और इस खेल को अधिक लोकप्रिय बनाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी बधाई देते हुए कहा कि यह विजय खिलाड़ियों के अप्रतिम कौशल, संकल्प और आपसी तालमेल का परिणाम है। उन्होंने कहा कि इस जीत ने देश के पारंपरिक खेलों की ओर ध्यान खींचा है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भारतीय टीम के सभी प्रतिभाशाली खिलाडियों को स्वर्णिम भविष्य के लिए अनंत शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि ने देश को गौरवान्वित किया है।

....................